# आरबीआई का री-केवाईसी अभियान

## • विदर्भ में 5,911 शिविर, 2.77 लाख से अधिक खातों को अपडेट किया गया

**व्यापार प्रतिनिधि | नागपुर.** देश भर के बैंकों में लाभार्थियों के बैंक खातों में वित्तीय समावेशन (एफआई) योजनाओं और री-केवाईसी के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बैंक मौजूदा प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खातों के साथ-साथ अन्य बैंक खातों के केवाईसी के पुनः सत्यापन के लिए ग्राम पंचायत (जीपी) स्तर पर शिविर आयोजित कर रहे हैं।

**मोबाइल एलईडी वैन तैनात :** क्षेत्र में अभियान का नेतृत्व कर रहे आरबीआई, नागपुर के क्षेत्रीय निदेशक सचिन वाई. शेंडे ने बुधवार को बताया कि विदर्भ क्षेत्र में अब तक 5,911 शिविर आयोजित किए गए हैं, जिसमें 2.77 लाख से अधिक खातों को री-केवाईसी के माध्यम से सफलतापूर्वक अपडेट किया गया। नागपुर कार्यालय के आरबीआई अधिकारी नियमित रूप से शिविरों में शामिल हो रहे हैं। बैंक की डेप्युटी जनरल मैनेजर अंजना श्यामनाथ ने क्षेत्र की जनता से अपनी री-केवाईसी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए निकटतम शिविर में जाने का आग्रह किया है। यह अभियान आर्थिक रूप से सुरक्षित और सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वंचित वयस्कों के लिए पीएमजेडीवाई खाते खोलने और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, अर्थात प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत नामांकन किए जा रहे हैं। पत्र परिषद में एजीएम पी.बी.यू सुधाकर, विनोद कुमार, महेश थूल और सहायक व्यवस्थापक पीयूष तेलरांधे उपस्थित थे।

epaper-bhaskarhindi-com
MAGZTER

MAGZTER

Clipped from - Dainik Bhaskar Nagpur - September 11, 2025
Read it digitally on the Magzter app